<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 20.07.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- **संसद के कल से शुरू हो रहे मानसून सत्र को देखते हुए सरकार ने की सर्वदलीय बैठक, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– संसद के सुचारू संचालन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच सहयोग जरूरी।**

- **देवघर श्रावणी मेले की दूसरी सोमवारी को लेकर उपायुक्त ने किया रूटलाइन और होल्डिंग पॉइंट्स का निरीक्षण, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के दिए निर्देश।**

- **झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन, जामताड़ा और गुमला में नागरिकों को दी गई कानूनी अधिकारों और योजनाओं की जानकारी।**

- **सरायकेला–खरसावां पुलिस ने लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार, हथियार के साथ मोबाइल, मोटरसाइकिल और अन्य सामान बरामद।**

- **मौसम विभाग ने राज्य में अगले कुछ दिनों तक बारिश और वज्रपात का जारी किया अलर्ट, रांची समेत कई जिलों में तेज हवाएं चलने की जताई संभावना।**

*****************

सरकार ने कल से शुरु हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान, संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेता शामिल हुए।

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक बेहद रचनात्मक रही। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

*****************

संसद के मॉनसून सत्र की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग **इश्यूज बिफोर पार्लियामेंट और संसद के समक्ष मुद्दे** पर विशेष परिचर्चा प्रसारित करेगा। इश्यूज बिफोर पार्लियामेंट कार्यक्रम आकाशवाणी के रेनबो और अतिरिक्त चौनलों पर तथा संसद के समक्ष मुद्दे कार्यक्रम आकाशवाणी के एफएम गोल्ड और अतिरिक्त चैनलों पर आज रात साढे नौ बजे से दस बजे तक सुना जा सकता है। यह कार्यक्रम हमारी वेबसाइट **न्यूज ऑन एआईआर डॉट जीओवी डॉट इन** और हमारे यूटयूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर ऑफिशियल पर भी उपलब्ध होगा।

*****************

देवघर में श्रावणी मेला के दसवें दिन आज उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने दूसरी सोमवारी को लेकर मेला क्षेत्र के विभिन्न रूटलाइन और होल्डिंग पॉइंट्स का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने विधि–व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को भी सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

******************

आज अंतर्राष्ट्रीय चंद्र दिवस है। यह दिवस 20 जुलाई 1969 को, चंद्रमा पर पहली बार किसी मनुष्य के कदम रखने की स्मृति में मनाया जाता है।

इस वर्ष के चंद्र दिवस का विषय है–**एक चंद्र, दृष्टि, एक भविष्य**

******************

रांची के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में कल सुबह 11 बजे से राज्य स्तरीय खरीफ कर्मशाला 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

******************

जामताड़ा जिले के सभी छह प्रखंड मुख्यालयों में आज विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधाकृष्ण ने कहा कि सभी नागरिकों को कानून की बुनियादी जानकारी होना जरूरी है, ताकि वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें।

******************

इधर गुमला मंडल कारा में झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जेल अदालत, स्वास्थ्य शिविर और विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राम कुमार लाल गुप्ता ने बताया कि सभी बंदियों के लिए अधिवक्ता नियुक्त हैं और उनकी जमानत याचिकाएं न्यायालय में दाखिल की जा चुकी हैं। शिविर का उद्देश्य जेल में बंदियों को कानूनी सहायता और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में निराश्रित बच्चों को आधार कार्ड बनवाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदद कर रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के ईचा ग्राम में लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई कर इन्हें गिरफ्तार किया।

******************

राज्य के कई जिलों में अगले कुछ दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश के साथ वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार रांची, रामगढ़, लोहरदगा, खूंटी, गुमला, सिमडेगा सहित अन्य जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। साथ ही तापमान में भी 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का अनुमान है।

*******समाप्त*******